gradeup

# PUZZLE MANIA

## The Conclusion

## अध्याय - 4 ( Scheduling Puzzles)

सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए



1. **निर्देश:** निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें:
एक कंपनी आठ मंजिला इमारत में अपने कर्मचारियों को आवास प्रदान करती है। प्रत्येक मंजिल पर विभिन्न पद के व्यक्ति रहते हैं। उनके घरों को अलग-अलग रंगों जैसे सफेद, गुलाबी, हरा, भूरा, पीला, नीला, बैंगनी और आइवरी से पेंट किया जाता है, जरूरी नहीं कि क्रम यही हो। भवन में सभी रहने वालों का नाम सुरक्षा के उद्देश्य से कूट भाषा में रखा गया है।
सहायक प्रबंधक 'gzmbz' एक सम संख्या वाली मंजिल पर रहता है, लेकिन छठे पर नहीं। DGM विषम संख्या वाली मंजिल पर रहता है। दो लोग 'zwrgbz' और 'kzmpzq' के बीच रहते हैं। मुख्य प्रबंधक का घर हरा है और इसके ठीक ऊपर का घर गुलाबी है। 'Nzbzmp' एक प्रबंधक है और बैंगनी घर के ठीक नीचे रहता है। 'Hfivhs' एक CEO है और चौथी मंजिल पर एक सफेद घर में रहता है। आदित्य सबसे ऊपरी की मंजिल पर रहता है और वह सहायक प्रबंधक नहीं है। 'hvvnz' एक GM है और 'ivmfpz' के ठीक ऊपर रहता है लेकिन एक सम संख्या वाली मंजिल पर नहीं। वरिष्ठ प्रबंधक आइवरी रंग के घर के नीचे किसी सम संख्या वाली मंजिल पर रहता है और चार मंजिलें उसके तथा प्रबंधक के घर के बीच में हैं। AGM का नाम 'zwrgbz' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। नीले और भूरे रंग के घर के बीच में अधिकतम घर हैं, नीला, भूरे के ऊपर है। जगन इमारत के निवासियों में से एक है।
किसका घर पीले रंग का है?
A. AGM
B. DGM
C. GM
D. मुख्य प्रबंधक
E. इनमें से कोई नहीं
Ans. B

2. AGM किस मंजिल पर रहता है?
A. सातवीं
B. छठवीं
C. चौथी
D. पहली
E. इनमें से कोई नहीं
Ans. E

3. गुलाबी घर में कौन रहता है?
A. रेणुका
B. कपिल
C. सीमा
D. मयंक
E. सुरेश
Ans. A

4. 'BANKER' शब्द का कूट क्या है?
A. yzpmiv
B. yzpmvi
C. zympvi
D. yzmpvi
E. इनमें से कोई नहीं
Ans. D

5. निम्नलिखित में से कौन-सा संयोजन सही है?
A. आइवरी, GM, रेणुका
B. पीला, AGM, जगन
C. भूरा, प्रबंधक, पंकज
D. बैंगनी, सहायक प्रबंधक, तान्या
E. इनमें से कोई नहीं
Ans. D

6. **निर्देश:** निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़ें और इसके आधार पर प्रश्नों के उत्तर दें।
आठ व्यक्ति A, B, C, D, E, F, G और H एक आठ मंजिला इमारत में रहते हैं। प्रत्येक अलग-अलग मंजिल पर रहते है, परन्तु आवश्यक नहीं के वे इसी क्रम में ही हो। सबसे निचले मंजिल को संख्या एक और सबसे ऊपरी मंजिल को संख्या आठ अंकित किया गया है। उन सभी के पास अलग-अलग

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

कंपनियों के मोबाइल जैसे कि ओप्पो, आईफोन, वीवो , एप्पल , नोकिया , सैमसंग, शिओमी और हॉनर है, परन्तु आवश्यक नहीं के वे इसी क्रम में ही हो। दो मोबाइल 10000, 20000, 30000 और 40000 (प्रत्येक) की रेंज के हैं।

वीवो और आईफोन दोनों की कीमत 40,000 है। F, G से तीन मंजिल नीचे रहता है। ऐसे दो व्यक्ति जिनके फोन 40,000 की रेंज के हैं, बीच में रहते हैं। A, आईफोन रखने वाले के ठीक ऊपर रहता है। ओप्पो और शिओमी फोन रखने वाले व्यक्ति आस-पास रहते हैं। 20,000 रेंज वाले फोन रखने वाले व्यक्तियों में से एक व्यक्ति D है और वह सबसे ऊपरी मंजिल पर नहीं रहता है। H के पास वीवो है और वह ऊपर से तीसरी मंजिल पर रहता है। ओप्पो और शिओमी फोन रखने वाले दोनों ही व्यक्ति न तो शीर्ष पर और न ही निचली मंजिल पर रहते हैं। एप्पल और सैमसंग फोन 30,000 के हैं। ओप्पो फोन वाला व्यक्ति नीचे से तीसरी मंजिल पर रहता है। सैमसंग फोन रखने वाला व्यक्ति B नहीं है और वह आईफोन रखने वाले व्यक्ति के ठीक नीचे रहता है। 30,000 की रेंज वाले फोन उपयोग करने वाले व्यक्तियों में से एक व्यक्ति 10,000 और 20,000 रेंज वाले फोन रखने वाले व्यक्तियों के बीच रहता है। A और E के बीच तीन व्यक्ति रहते हैं। B के पास नोकिया या हॉनर का फोन नहीं है। ओप्पो फोन की रेंज 10,000 है।

निम्नलिखित में से कौन D से तीन मंजिल ऊपर रहता है?

A. वह जिसके पास हॉनर है

B. वह जिसके पास शिओमी है

C. वह जिसके पास नोकिया है

D. इनमें से कोई नहीं

E. निर्धारण नहीं किया जा सकता

Ans. E

7. निम्नलिखित में से कौन सा फ़ोन 20,000 की रेंज का फोन है?

A. एप्पल, वीवो

B. आईफोन और शिओमी

C. D का फोन और H का फोन

D. A का फोन और H का फोन

E. इनमें से कोई नहीं

Ans. C

8. निम्नलिखित में से कौन 10,000 वाला फोन रखने वाले व्यक्ति से तीन मंजिल नीचे रहता है?

A. वह जिसके पास नोकिया है

B. वह जिसके पास वीवो है

C. वह जिसके पास हॉनर है

D. नोकिया या हॉनर में से एक फोन रखने वाला

E. इनमें से कोई नहीं

Ans. D

9. नोकिया की रेंज क्या है?

A. 10,000

B. 20,000

C. 30,000

D. 40,000

E. निर्धारण नहीं किया जा सकता

Ans. E

10. निम्नलिखित में कौन से मोबाइल की रेंज 40,000 है?

A. ओप्पो

B. B का फोन

C. हॉनर

D. नोकिया

E. इनमें से कोई नहीं

Ans. B

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

gradeup

# Gradeup Green Card

## Features:

- 700 + Full-length Mocks
- 35+ Bank & Insurance Exams Covered
- Tests Available in English & Hindi
- Performance Analysis & All India Rank
- Previous Year Question Papers in Mock Format
- Available on Mobile & Desktop

GET IT ON Google Play

www.gradeup.co